**NEWS CLIPPING:10.08.2023**

## THE IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University organizes NSS Camp in the village Rajpur Kalan


TIT Correspondent
info@impressivetimes.com




**FARIDABAD :** The National Service Scheme (NSS) wing of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, orchestrated an impactful one-day camp for NSS volunteers in the Rajpur Kalan village, located in the Faridabad district. This initiative, aimed at fostering social awareness and change, saw the enthusiastic participation of 60 dedicated student volunteers. The NSS team was extended a warm welcome by Sh. Amit Jain, the Head Master of Government School, Rajpur Kalan, upon their arrival. Spearheading the camp's coordination was Sh. Atmaram, an Assistant Professor and the NSS Coordinator of the University. The highlight of the event was a thought-provoking street play, eloquently named 'Meri Mati-Mera Desh' (My Soil-My Nation). Through this captivating performance, the significance of Ayurveda and education took center stage. The play ingeniously conveyed the message that an individual's roots should be anchored in the soil of their village and country, fostering a sense of connection through various mediums. Moreover, the importance of preserving one's cultural heritage was passionately portrayed. The village Sarpanch expressed heartfelt gratitude to the NSS team for their endeavours in conducting these impactful activities within the village. Dr. Sakshi Kalra, Coordinator of the "Unnat Bharat Abhiyaan," along with Dr. Shailja Jain and Mr. Damodar Bhardwaj, also actively participated in this event, amplifying its significance and impact. This initiative of NSS wing was conducted under the guidance of Dr. Munish Vashisht, the Dean of Student Welfare, and Dr. Sonia Bansal, Deputy Dean (Student Welfare). Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar lauded the NSS team's dedication and highlighted the profound impact such events have on nurturing a strong sense of social responsibility among students. Prof. Tomar emphasized that events like these are not merely activities, but powerful tools for instilling the values of compassion, empathy, and civic duty in the hearts and minds of the young participants. He acknowledged that the NSS team's unwavering efforts in organizing the camp exemplify the university's commitment to a holistic education that goes beyond classroom learning.

**NEWS CLIPPING:10.08.2023**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि ने गांव राजपुर कलां में एनएसएस शिविर का आयोजन किया

फरीदाबाद, 9 अगस्त (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विंग ने राजपुर कलां गांव, जिला फरीदाबाद में एनएसएस वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य आयोजित इस शिविर में 60 एनएसएस वालंटियर्स की टीम ने हिस्सा लिया।

शिविर का समन्वयन सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक श्री आत्माराम ने किया। गवर्नमेंट स्कूल, राजपुर कलां के मुख्य अध्यापक श्री अमित जैन ने एनएसएस टीम के गांव में आगमन पर उनका स्वागत किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण



नुक्कड़ नाटक 'मेरी माटी-मेरा देश' रहा। नाटक के माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा का महत्व पर बल दिया गया। नाटक ने संदेश दिया कि किसी व्यक्ति की जड़ें अपने गांव और देश की मिट्टी से जुड़ी होनी चाहिए।

इसके अलावा, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व को भी नाटक में चित्रित किया गया। गांव के सरपंच ने गांव में गतिविधियों के संचालन के लिए एनएसएस टीम का आभार व्यक्त किया।

**NEWS CLIPPING:10.08.2023**

# PIONEER

# वैज्ञानिक अवधारणाओं को मातृभाषा में समझने की आवश्यकता : तोमर

## वैज्ञानिक डॉ. शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के संस्थापक निदेशक तथा सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एसएस भटनागर यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से प्रोफेसर गौरव वर्मा मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने की।



कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभा हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. जवाहर लाल के स्वागत संबोधन से हुई, जिन्होंने कार्यक्रम का परिचय दिया तथा डॉ. शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में 12 अगस्त को एनआईटी कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अपने संबोधन में मुख्य वक्ता प्रोफेसर गौरव वर्मा ने डॉ. शांति स्वरूप भटनागर के जीवन और कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने डॉ. भटनागर के दूरदर्शी नेतृत्व पर प्रकाश डाला, जिन्होंने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के माध्यम से भारत में विज्ञान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने अपने संबोधन में डॉ. शांति स्वरूप भटनागर के अमूल्य योगदान, दृष्टिकोण और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. भटनागर की विरासत को संरक्षित करने और वर्तमान पीढ़ी को उनके आदर्शों को बरकरार रखने के लिए प्रेरित करने के महत्व पर बल दिया। प्रो. तोमर ने भारतीय विज्ञान की गहराई और भारतीय वैज्ञानिकों की बुद्धिमत्ता को रेखांकित किया तथा विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने के महत्व पर बल देते हुए वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए, विभा हरियाणा के सदस्य प्रो. सैथेस ने समापन भाषण दिया और प्रोफेसर गौरव वर्मा को उनके ज्ञानवर्धक मुख्य भाषण के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिंदु मंगला, डॉ. अरुण कुमार तथा विज्ञान भारती फरीदाबाद की टीम ने किया।

**NEWS CLIPPING:10.08.2023**

# AMAR UJALA

# नुक्कड़ नाटक कर बताया आयुर्वेद व शिक्षा का महत्व

संवाद न्यूज एजेंसी

### गांव राजपुर कलां में एनएसएस छात्रों का एक दिवसीय शिविर आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विंग ने गांव राजपुर कलां में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इसमें सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा के महत्व को बताया गया। इसका समन्वयन सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक आत्माराम ने किया।

राजपुर कलां के राजकीय स्कूल के मुख्य अध्यापक अमित जैन ने बताया कि इसका मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक 'मेरी माटी-मेरा देश' रहा। इसके माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा का महत्व पर बल दिया गया। नाटक के माध्यम से अपने गांव और देश की मिट्टी से जुड़े होने का संदेश दिया गया। इस मौके पर उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ. साक्षी कालरा, डॉ. शैलजा जैन और दामोदर भारद्वाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएसएस विंग का यह आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मुनीश वशिष्ठ और डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में आयोजित किया गया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:10.08.2023**

# HINDUSTAN

## नाटक में शिक्षा के महत्व पर बल दिया

फरीदाबाद। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विंग ने राजपुर कलां गांव में एनएसएस वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस दौरान नाटक के माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा के महत्व पर बल दिया गया।

शिविर में 60 एनएसएस वालंटियर्स की टीम ने हिस्सा लिया। शिविर का समन्वयन सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक आत्माराम ने किया। गवर्नमेंट स्कूल, राजपुर कलां के मुख्य अध्यापक अमित जैन ने एनएसएस टीम के गांव में आगमन पर उनका स्वागत किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक 'मेरी माटी-मेरा देश' रहा।

**NEWS CLIPPING:10.08.2023**

# HADOTI ADHIKAR

## एनएसएस शिविर आयोजित

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 9 अगस्त। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विंग ने राजपुर कलां गांव में एनएसएस वालंटियर्स के लिए शिविर का आयोजन किया। सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य आयोजित इस शिविर में 60 एनएसएस वालंटियर्स की टीम ने हिस्सा लिया।

शिविर का समन्वयन सहायक प्रोफेसर और विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक आत्माराम ने किया। गवर्नमेंट स्कूल, राजपुर कलां के मुख्य अध्यापक अमित जैन ने एनएसएस टीम के गांव में आगमन पर उनका स्वागत किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक 'मेरी माटी-मेरा देश' रहा। नाटक के माध्यम से आयुर्वेद और शिक्षा का महत्व पर बल दिया गया। नाटक ने संदेश दिया कि किसी व्यक्ति की जड़ें अपने गांव और देश की मिट्टी से जुड़ी होनी चाहिए। इसके अलावा, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व को भी नाटक में चित्रित किया गया।

गांव के सरपंच ने गांव में गतिविधियों के संचालन के लिए एनएसएस टीम का आभार व्यक्त किया।